सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 325 | इंदौर, शुक्रवार 12 जून, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● सीएम यादव की प्रदेशवासियों से अपील

## 14 जून को ऑनलाइन योग सत्र से जुड़ें; विकसित भारत के निर्माण में दें योगदान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसने पूरे विश्व को स्वस्थ और संतुलित जीवन का मार्ग दिखाया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 7वें काउंटडाउन कार्यक्रम के तहत भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा 14 जून को सुबह 6:30 बजे से 7:35 बजे तक विशेष ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़कर स्वस्थ, जागरूक और निरोग समाज का निर्माण करना है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने योग को बनाया वैश्विक जन-आंदोलन

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज एक वैश्विक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का माध्यम है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों, शासकीय सेवकों और सामाजिक संगठनों से आह्वान किया कि वे बड़ी संख्या में इस ऑनलाइन योग सत्र में भाग लें और योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

## मीनाक्षी नटराजन की याचिका पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट, नामांकन खारिज होने का मामला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।**कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन द्वारा मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए उनके नामांकन पत्र खारिज किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा। बता दें कि गुरुवार को नटराजन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की थी। अवकाशकालीन पीठ के न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति अतुल एस. चांदुरकर ने मामले की शीघ्र सुनवाई का आश्वासन दिया था। सिंघवी ने पीठ को बताया कि गुरुवार नामांकन वापसी की अंतिम तिथि थी। उन्होंने तर्क दिया कि यदि मामले की तत्काल सुनवाई नहीं हुई तो याचिकाकर्ता को प्रभावी राहत पाने के लिए छह वर्ष तक इंतजार करना पड़ सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने यह भी अनुरोध किया कि विवाद के अंतिम निपटारे तक चुनाव परिणाम की घोषणा पर रोक लगाई जाए।

# एमपी से बीजेपी के तीनों राज्यसभा उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

### जीत का सर्टिफिकेट मिला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में कांग्रेस से राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द हो गया है। इसके बाद बीजेपी के तीनों राज्यसभा उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। तीनों उम्मीदवारों को विधानसभा से जीत का सर्टिफिकेट मिल गया है। इसके बाद पार्टी नेताओं ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी है।**

### बीजेपी के तीनों उम्मीदवार निर्वाचित

दरअसल, मध्य प्रदेश बीजेपी ने तीन उम्मीदवारों को राज्यसभा के लिए उतारा था। इसमें रजनीश अग्रवाल, तरुण चुघ और महेश केवट थे। तीनों निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। उन्हें विधानसभा में निर्वाचन सर्टिफिकेट मिल गया है। इसके बाद उनके समर्थकों जश्न का माहौल है।

### महेश केवट थे तीसरे उम्मीदवार

राज्यसभा चुनाव के लिए मध्य प्रदेश में बीजेपी के खाते में दो ही सीट जा रही थी। तीसरे उम्मीदवार की जीत के लिए 10 वोटों की जरूरत थी। इसके बावजूद बीजेपी ने महेश केवट को उम्मीदवार बनाया था।

### मीनाक्षी नटराजन की उम्मीदवार रद्द

वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार ने मीनाक्षी नटराजन ने नामांकन फॉर्म में तेलंगाना में चल रहे एक परिवाद को छुपाई थी। इस आधार पर उनका नामांकन रद्द हो गया। मीनाक्षी के नामांकन रद्द होने के बाद महेश केवट की राह आसान हो गई है। इसके बाद वह भी निर्विरोध निर्वाचित हो गए।

### दिग्विजय सिंह की थी तीसरी सीट

गौरतलब है कि कांग्रेस के खाते में जा रही तीसरी सीट दिग्विजय सिंह की थी। इस पर उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। उनकी जगह पर पार्टी ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया था। मगर एक चूक की वजह से कांग्रेस के हाथ से यह सीट चली गई है।

### सुप्रीम कोर्ट में है सुनवाई

नामांकन रद्द होने के बाद कांग्रेस और मीनाक्षी नटराजन चुनाव आयोग गई थीं। लेकिन वहां से कोई फैसला नहीं आया है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई शुक्रवार को है। कांग्रेस ने मांग की थी कि रिजल्ट जारी करने पर रोक लगे। लेकिन सुनवाई से पहले ही विधानसभा की ओर से राज्यसभा चुनाव का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। बीजेपी के तीनों उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं।

# बारिश में हादसों को रोकने के लिए बड़ा अभियान,100 मकानों की बनी सूची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मानसून की दस्तक से पहले नगर निगम प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। बारिश के मौसम में जर्जर मकानों के गिरने से होने वाले हादसों और जनहानि को रोकने के लिए निगम ने 'ऑपरेशन डेंजर' तेज कर दिया है।**

शहर के अलग-अलग जोनल क्षेत्रों में चिन्हित की गई अति खतरनाक और जर्जर इमारतों को ढहाने (ध्वस्त करने) की कार्रवाई युद्धस्तर पर शुरू हो चुकी है। अपर आयुक्त प्रखर सिंह के मुताबिक, पूरे शहर का सर्वे कर जर्जर और जर्जर हो चुकीं इमारतों की एक लिस्ट तैयार की गई है। फिलहाल 100 से ज्यादा भवन नगर निगम की कड़ी निगरानी में हैं। जिन इमारतों की स्थिति बेहद नाजुक और खतरनाक पाई गई है, उनके मालिकों को पहले ही कानूनी नोटिस थमा दिए गए हैं। हादसों को टालने के लिए निगम की टीमें अलग-अलग वार्डों और जोनल क्षेत्रों में पहुंचकर ऐसी जर्जर संरचनाओं को जमींदोज कर रही हैं, जो कभी भी ढह सकती हैं। मानसून के पूरी तरह सक्रिय होने से पहले सभी खतरनाक इमारतों पर कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी। इस पूरे अभियान और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर निगम के अपर आयुक्त प्रखर




सिंह ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बारिश के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो और किसी भी नागरिक की जान-माल को नुकसान न पहुंचे। नगर निगम की टीमें लगातार फील्ड पर मुस्तैद हैं। उन्होंने कहा कि मेरी जनता से अपील है कि अगर उनके आसपास कोई ऐसी खतरनाक बिल्डिंग है, तो तुरंत प्रशासन को इसकी जानकारी दें। साथ ही, जिन लोगों के खुद के मकान बेहद जर्जर स्थिति में हैं, वे किसी हादसे का इंतजार न करें। समय रहते सुरक्षा को प्राथमिकता दें और आवश्यक कदम उठाएं।

ब्रिक्स कृषि सम्मेलन का तीसरा दिन

# खाद्य सुरक्षा, टिकाऊ खेती और किसानों की आय बढ़ाने पर मंथन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ब्रिक्स कृषि सम्मेलन का गुरुवार को तीसरा दिन रहा। भारत की अध्यक्षता में हो रहे इस सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों सहित करीब 20 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और कृषि विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन के दौरान संयुक्त घोषणा पत्र को लेकर पहला सेशन पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे चरण की चर्चा जारी है। शाम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का होटल मेरियट में विदेशी डेलिगेट्स के साथ डिनर है।**



सम्मेलन में कृषि, खाद्य सुरक्षा, जलवायु अनुकूल खेती, कृषि नवाचार, किसानों की आय बढ़ाने और वैश्विक कृषि सहयोग जैसे अहम विषयों पर मंथन किया जा रहा है। आयोजन को भारत और मध्यप्रदेश के लिए कृषि क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सम्मेलन के तहत 12 जून को कृषि मंत्रियों का विशेष संवाद आयोजित होगा। इसका विषय 'लघु किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के माध्यम से भविष्य की खाद्य सुरक्षा' रखा गया है। इस सत्र में कृषि क्षेत्र में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी, डिजिटल तकनीकों के उपयोग, जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों और टिकाऊ खेती के मॉडल पर चर्चा होगी। 13 जून को ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की मुख्य बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें सदस्य देशों के बीच कृषि सहयोग मजबूत करने, खाद्य हानि कम करने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श होगा। बैठक के अंत में साझा सहमति और सुझावों पर आधारित एक महत्वपूर्ण दस्तावेज भी तैयार किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए विशेष 'ब्रिक्स वाटिका' विकसित की जाएगी। इसमें सभी सदस्य देशों के प्रतिनिधि सामूहिक पौधारोपण करेंगे। यह पहल प्रकृति संरक्षण और सतत विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक मानी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यह सम्मेलन केवल अंतरराष्ट्रीय आयोजन नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश को वैश्विक कृषि, निवेश और नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने का बड़ा अवसर भी है। इससे प्रदेश की कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात संभावनाओं को नई पहचान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## दो पक्षों में पथराव 6 लोग हिरासत में

गाड़ी खड़ी करने की बात पर शुरू हुआ विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। उषा फाटक क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात करीब 1 बजे दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर एमजी रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अन्य थानों का बल भी बुलाना पड़ा।

पुलिस के अनुसार, रोहित बोयत और कल्याणे परिवार के बीच गाड़ी खड़ी करने की बात को लेकर कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि विवाद के दौरान कुछ लोगों ने रोहित बोयत के घर पर पत्थर फेंके। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक पथराव चलता रहा, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही एमजी रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालात बिगड़ते देख सेंट्रल कोतवाली और छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस को भी बुलाया गया। पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। रोहित बोयत के परिवार ने आरोप लगाया कि विवाद की शुरुआत कल्याणे परिवार की ओर से की गई थी। वहीं पुलिस ने पथराव और विवाद में शामिल करीब आधा दर्जन युवकों को हिरासत में लिया है। दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## गर्भगृह के सामने का सभा मंडप होगा नीचे, दो मंजिला दर्शन कॉरिडोर बनेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र खजराना गणेश मंदिर का काम मास्टर प्लान के हिसाब से शुरू हो रहा है। पहले चरण में गर्भगृह के गेट की चौड़ाई को बढ़ाया जाएगा, जिसकी रिपोर्ट भी आ चुकी है। इसका काम भी आगामी एक-दो दिन में शुरू हो जाएगा।

वहीं मंदिर के गर्भगृह के सामने के सभा मंडप को भी नीचे किया जाएगा, ताकि पीछे लाइन में आने वाले भक्तों को भगवान के दर्शन अच्छे से हो सके। पहले चरण के काम में करीब 8 से 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं पूरे मंदिर में भी कई काम होंगे। खजराना गणेश मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इनमें इंदौर सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले भक्त भी शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान



में रखते हुए मंदिर में पहले चरण के विकास कार्य शुरू हो चुके हैं। इसी कड़ी में मंदिर के गर्भगृह के प्रवेश द्वार को चौड़ा करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए द्वार पर लगी करीब 150 किलो चांदी निकाली जा चुकी है, जिसे ट्रेजरी में सुरक्षित जमा करा दिया गया है। चांदी हटाने के बाद उसकी गुणवत्ता और संरचना की जांच एसजीएसआईटीएस कॉलेज द्वारा कराई गई। जांच रिपोर्ट भी प्राप्त हो चुकी है, जिसमें आगे किए जाने वाले कार्यों और तकनीकी प्रक्रिया संबंधी सुझाव दिए गए हैं। इसके आधार पर आगामी निर्माण कार्य किया जाएगा।

मंदिर के पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि मंदिर प्रबंधन समिति का मास्टर प्लान समिति के अध्यक्ष कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। इसके तहत पहले चरण के कार्य शुरू हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पूरे मास्टर प्लान पर लगभग 25 से 30 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है, जबकि पहले चरण के कार्यों पर 8 से 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस चरण में सबसे पहले मंदिर के गर्भगृह के प्रवेश द्वार को चौड़ा किया जाएगा। पंडित भट्ट ने बताया कि एसजीएसआईटीएस कॉलेज की तकनीकी रिपोर्ट भी प्राप्त हो चुकी है। रिपोर्ट में जैकेटिंग की प्रक्रिया, किस हिस्से को पहले हटाया जाना है और निर्माण कार्य किस क्रम में होगा, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई है। इसके अनुसार पहले संरचना को सुरक्षित रखने के लिए सपोर्ट (तरापे) लगाए जाएंगे और उसके बाद जैकेटिंग का कार्य किया जाएगा।

## पत्नी पर दहेज प्रताड़ना का केस वापस लेने का दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। राऊ थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ धमकी देने और केस वापस लेने का दबाव बनाने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बुधवार को एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, 23 वर्षीय कशिश खंडारे निवासी सिलिकॉन सिटी, राऊ ने शिकायत में बताया कि 9 जून 2026 की रात करीब 10:30 बजे वह घर के बाहर मेडिकल स्टोर से दवाई लेने जा रही थी। इसी दौरान उसका पति शुभम खंडारे, निवासी इंदिरा नगर, देवनारायण कॉलोनी, रतलाम वहां पहुंचा और उससे पहले दर्ज कराई गई रिपोर्ट वापस लेने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि शुभम ने कहा कि यदि उसने रिपोर्ट वापस नहीं ली तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। जब उसने रिपोर्ट वापस लेने से इनकार किया तो आरोपी ने उसे डराना-धमकाना शुरू कर दिया। युवती के शोर मचाने पर उसकी मां सीमा कामले और पिता रूपेश कुमार मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद शुभम वहां से चला गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी को दो साल हो चुके हैं। इस दौरान शुभम उसके साथ मारपीट करता था और दहेज की मांग भी करता था। इससे परेशान होकर उसने 6 मई को राऊ थाने में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था।

## महापौर ने देखी मानसून के पहले की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गुरुवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव वार्ड 9 में पहुंचे। यहां उन्होंने जल संरक्षण कामों को देखा और रहवासियों को पानी बचाने के लिए मोटिवेट किया। महापौर ने क्षेत्र में स्थापित वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का देखा और उन घरों का भी निरीक्षण किया, जहां रहवासी वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संरक्षण का काम कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे परिवारों की सराहना करते हुए कहा कि जल संरक्षण की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायी है और हर व्यक्ति को इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी



चाहिए। रहवासियों से चर्चा करते हुए महापौर ने कहा कि जल संरक्षण केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी भी है। यदि हर घर में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था विकसित हो जाए तो भविष्य में जल संकट की चुनौतियों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से जल संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वन किया। महापौर ने मानसून के पहले व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की और नगर निगम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, वहां समय रहते सुधारात्मक काम किए जाएं ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। विशेष रूप से संकरी गलियों और संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाने और नालियों में जमा गाद, कचरा और अन्य अवरोधों को तुरंत हटाने की कार्रवाई करने के लिए कहा।

# कंडवाल के बैंक लॉकर ने उगला 25 लाख का सोना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक लक्ष्मीनारायण कंडवाल के यहां पड़े लोकायुक्त के छापे में अब तक दस करोड़ की संपत्ति का खुलासा हुआ है। अब तक के सेवाकाल में मिले वेतन से 300 गुना ज्यादा की कमाई उजागर हुई है। कंडवाल का बैंक ऑफ इंडिया की सांठा बाजार शाखा में खाता और लॉकर था। अधिकारियों ने लॉकर भी खुलवाया। उसमें 25 लाख रुपये का सोना मिला है। अधिकारियों को कंडवाल के एक और बैंक खाते की जानकारी मिली है। उसे सीज कराया गया है। कंडवाल ने अपनी काली कमाई से ढाई करोड़ की लागत से स्कीम-103 में चार मंजिला मकान बनाया था। चार साल पहले इस बिल्डिंग को तैयार किया गया था। भूतल पर बेटों का डिपार्टमेंटल स्टोर




संचालित होता था और दूसरी मंजिल को जिम के लिए किराये पर दे दिया गया था। उसका किराया एक लाख रुपये आता था, जबकि स्टोर से कमाई भी एक लाख रुपये होने की जानकारी कंडवाल ने अधिकारियों को दी है।

कंडवाल ने सबसे ज्यादा जमीनें धार जिले में खरीदीं। औद्योगिक क्षेत्र तारापुर के अलावा बनेड़िया और बेकल्या में भी जमीनों में खूब पैसा लगाया गया। 30 वर्षों के सेवाकाल में कंडवाल कभी भी धार जिले में पदस्थ नहीं रहे। लोकायुक्त विभाग में हुई शिकायत के बाद अधिकारियों ने गोपनीय जांच शुरू कर दी थी और उन्हें कंडवाल के प्लॉट और जमीनों में निवेश का पता चला था। इंदौर से पहले कंडवाल उज्जैन जिले में पदस्थ थे। फिलहाल जांच में जुटे अधिकारी यह पता लगा रहे हैं कि आरोपी अधिकारी ने और कहां-कहां निवेश किया है। छापे के दौरान पूरे घर की तलाशी ली गई थी और कंप्यूटर व लैपटॉप के डेटा भी जांचे गए। अधिकारियों को घर में कीमती आभूषण और नकदी नहीं मिली।

1. **कुल संपत्ति का खुलासा: लगभग 10 करोड़ रुपये**
2. **सेवाकाल का वेतन तुलना: सेवाकाल के वेतन से 300 गुना ज्यादा कमाई**
3. **बैंक लॉकर में सोना: 25 लाख रुपये मूल्य का सोना**
4. **काली कमाई से बनी बिल्डिंग: 2.5 करोड़ रुपये की लागत से स्कीम-103 में चार मंजिला मकान**

**एक निवेदन**

यदि आप साहस और निर्भीकता से खोजी पत्रकार के रूप में कार्य करना चाहते है और अपने आसपास के भ्रष्टाचार/अपराध/अव्यवस्थाओ को उजागर करना चाहते है ।

**तो आइए आप हमारे वेबपोर्टल और यूट्यूब चैनल के साथ क्राइम रिपोर्टर के रूप में कार्य करे।**

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करे ।

www.detectivegroupreport.com

या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करे

detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख /न्यूज़ और सूचना का सदैव स्वागत है )

## शोरूम में आए युवक-युवती सोने की ईयर रिंग चुराकर ले गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित रिलायंस ज्वेल्स शोरूम में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने बुधवार को अज्ञात युवक और युवती के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी शाहरुख पुत्र शरीफ शेख निवासी कुबेर नगर, सिविल लाइन ने शिकायत दर्ज कराई है। शाहरुख आर्बिट मॉल के सामने स्थित सत्यराज बिल्डिंग में रिलायंस ज्वेल्स शोरूम में काम करता है। बताया गया कि 4 जून की रात शोरूम में आभूषणों की काउंटिंग की जा रही थी। इसी दौरान सोने की एक ईयर रिंग का सेट कम मिला। इसके बाद शोरूम के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें एक युवक और युवती करीब 30 मिनट तक शोरूम में आभूषण देखते नजर आए। आरोप है कि दोनों ने ज्वेलरी देखने के बहाने सोने की ईयर रिंग छिपाकर चोरी कर ली। मामले में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज की पेन ड्राइव भी सौंपी गई है। वहीं सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दुकान का ताला तोड़कर करीब 2 लाख रुपए चोरी कर लिए। पुलिस के अनुसार फरियादी रामचंद्र सूरजानी निवासी क्रांति कृपलानी नगर की भैया इलेक्ट्रिकल्स के नाम से मेन सियागंज रोड पर दुकान है। बदमाश दुकान का ताला तोड़कर दराज में रखी नकदी चुराकर फरार हो गए। दोनों मामलों में पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

## इंदौरियों की मदद से वतन लौटेगा नीदरलैंड का युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुंबई की मायानगरी में ठगी और चोरी का शिकार होकर पिछले पांच महीनों से भारत के अलग-अलग शहरों में भटक रहे नीदरलैंड (एम्स्टर्डम) के नागरिक लुसियानो को आखिरकार इंदौर ने नई उम्मीद दे दी।**

इंदौर के सामाजिक संगठनों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, जिला प्रशासन और आम लोगों की मदद से अब वह अपने देश लौट रहा है।करीब एक महीने पहले बेबसी की हालत में इंदौर पहुंचे लुसियानो के रहने, खाने और अन्य जरूरतों की व्यवस्था की गई। महाकाल संस्था और जिला प्रशासन के सहयोग से करीब 35 हजार रुपए का हवाई टिकट भी कराया गया। सियानो शुक्रवार रात इंदौर से कनेक्टिंग फ्लाइट के जरिए मुंबई होते हुए एम्स्टर्डम शिफोल के लिए रवाना होगा। लुसियानो ने बताया कि वह बॉलीवुड में करियर बनाने और ट्रैवल व्लॉगिंग के सपने के साथ भारत आया था। शुरुआत





में उसने कई शहरों की यात्रा की, वीडियो बनाए और सोशल मीडिया कंटेंट तैयार किया। इसके बाद वह मुंबई पहुंचा, जहां उसने कई कास्टिंग एजेंसियों के चक्कर लगाए, लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया। मुंबई में उसका सामान और पैसे चोरी हो गए। इसके बाद वह पूरी तरह बेसहारा हो गया। जैसे-तैसे लोगों से मदद मांगकर दिल्ली पहुंचा, लेकिन वहां भी कोई सहारा नहीं मिला। बाद में लोगों की सलाह पर वह इंदौर आ गया।

इंदौर आने के बाद भी उसके पास रहने और खाने तक के पैसे नहीं थे। उसने कई दिन सड़कों पर गुजारे। इसी दौरान सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अंश तिवारी, एबी मधुरम और उनकी टीम को उसके बारे में जानकारी मिली। टीम ने उसे होटल में ठहराया और भोजन सहित जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। भाषा की समस्या के बावजूद टीम ने अंग्रेजी के जरिए उसकी बात समझी और हर संभव मदद की। लुसियानो को भारतीय भोजन कम पसंद आ रहा था, इसलिए टीम ने उसकी पसंद के अनुसार पिज्जा, बर्गर और अन्य खाने की व्यवस्था भी की। इस दौरान उसे इंदौर के प्रसिद्ध छप्पन दुकान और सराफा बाजार भी घुमाया गया। भावुक होकर लुसियानो ने कहा कि इंदौर में बिताए गए पिछले कुछ दिन उसकी जिंदगी के सबसे अच्छे दिनों में शामिल रहेंगे। इंदौर छोड़ने से पहले शहरवासियों ने उसके लिए खास तैयारी भी की। उसे कपड़ों और जरूरी सामान की शॉपिंग कराई गई। सफर के लिए खाने-पीने की सामग्री के साथ इंदौर की मशहूर नमकीन और मिठाइयां भी भेंट की गईं। लुसियानो ने कहा कि भारत में उसका अनुभव कठिन जरूर रहा, लेकिन इंदौर ने उसे इंसानियत और अपनापन दिखाया। अब वह अपने देश लौटकर जिंदगी की नई शुरुआत करेगा।

**बंगले के AC में ब्लास्ट...**

## धू-धू कर जली बिल्डिंग, घर में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के पॉश इलाके शिव शक्ति नगर स्थित एक आलीशान बंगले में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि इसकी लपटें और काले धुएं का गुबार दूर-दूर से दिखाई दिया। घटना रिवाज गार्डन के ठीक पीछे स्थित एक बंगले की है। दमकलकर्मी लगातार 8 हजार लीटर पानी की बौछार कर आग पर काबू पाने में सफल हुए।

जानकारी के मुताबिक शिव शक्ति नगर स्थित रितेश राजेन्द्र दुबे के बंगला नंबर 5 में करीब 12 बजे आग लगी थी। जिस पर 2 घंटे की मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, भीषण गर्मी के चलते बंगले में चल रहे एयर कंडीशनर (AC) में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट के तुरंत बाद एसी में एक जोरदार ब्लास्ट (धमाका) हुआ, जिसने देखते ही देखते पूरे बंगले को अपनी चपेट में ले लिया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी सहम गए। बंगले में जैसे ही आग फैली, अंदर मौजूद परिवार



और स्टाफ के बीच अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। आग की लपटों के कारण लोग अंदर ही फंस गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग (फायर ब्रिगेड) को दी। सूचना मिलते ही कनाड़िया थाना पुलिस और दमकल विभाग की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। फायर फाइटर्स ने जान जोखिम में डालकर बंगले में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### सिटी बस डिपो में लगी आग

इंदौर के कृषि कालेज के यहां सिटी बस डिपो में खड़ी बस में गुरुवार को आग लग गई। सूचना के बाद यहां दमकल की एक गाड़ी पहुंची। जिसमें 10 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू किया गया। बताया कि आग करीब 5 बजे के लगभग लगी थी। आग लगने का कारण सामने नहीं आया है। यहां आग कंडम बस में लगने की बात बताई जा रही है। पिछले दिनों भी नवलखा इलाके में 3 बसों में आग लग गई थी।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी को हनुमान चालीसा और प्रार्थना कार्यक्रम में शामिल होकर दी बधाई

# प्रधानमंत्री श्री मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों की ओर से उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की आज़ादी के बाद निर्वाचित रूप से सबसे अधिक अवधि तक देशसेवा करने का रिकॉर्ड आज अपने नाम किया है। वे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक लंबे समय तक कार्य किया है। यह सभी देशवासियों के लिए गौरवशाली क्षण है।**

प्रधानमंत्री मोदी, जनता के हित में एकजुटता के साथ कार्य करते हैं। वे अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भारत को दुनिया में नंबर-1 देश बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत आंतरिक रूप से सुरक्षित है, और सीमा से बाहर भी दुश्मनों के दांत खट्टे कर भारतीय सेना ने अपनी सामर्थ्य सिद्ध की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र सेवा के 12 वर्ष पूर्णहोने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भोपाल के गुफा मंदिर में आयोजित हनुमान चालीसा और प्रार्थना कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हनुमान चालीसा का श्रवण कर भगवान का पूजन अर्चन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के बाद उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद आलोक शर्मा, रविन्द्र यति तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## ● प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के भीतर जनसेवा और सीमा पर सामरिक सुरक्षा सशक्त हुई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राम राज्य में कोई भूखा नहीं सोता था, बेटियां सुरक्षित थीं, गौमाता के पूजन के साथ-साथ सनातन संस्कृति के मंदिरों का वैभव था। प्रधानमंत्री श्री मोदी का कार्यकाल भी इन्हीं उपलब्धियों का साक्षी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी सादगीपूर्ण जीवनशैली के साथ देश सेवा में समर्पित हैं। उन्होंने देश के 25 करोड़ लोगों को मकान दिलवाए, 80 करोड़ नागरिकों को नि:शुल्क अनाज वितरित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर निकलकर सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर रहे हैं। हम सभी के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के भीतर जनसेवा और सीमा पर सामरिक सुरक्षा सशक्त हुई है।

## देश में एक नए संकल्प का वातावरण है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान राम और हनुमान जी के आशीर्वाद से पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी पवित्र गीता में बताए कर्मवाद के सिद्धांत पर काम करते हैं। उन्होंने अपने कार्यों से पृथ्वी पर अपने जन्म को सार्थक किया है। गरीब परिवार में जन्मे प्रधानमंत्री श्री मोदी आज देश के गरीब परिवारों के लिए एक आदर्श हैं। देश में एक नए संकल्प का वातावरण है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सबको अवसर मिलता है। प्रदेशवासी अपने जीवन में संकल्प लें, संघर्ष करें और आगे बढ़ें। स्थानीय सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने विगत वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, डिजीटल नवाचार और इन्फ्रास्ट्रक्टर निर्माण में अभूतपूर्व उपलब्धियां दर्ज की हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मन में गरीब, किसान, नारी सशक्तिकरण और युवाओं के गहरी संवेदना हैं। मध्यप्रदेश को हर पल उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन निरंतर प्राप्त हो रहा है।



# 21 जून को कूनो आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर, एजेंसी।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगामी कूनो नेशनल पार्क दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 21 जून को होने वाले राष्ट्रपति के आगमन और रात्रि विश्राम कार्यक्रम के मद्देनजर गुरुवार को कूनो नेशनल पार्क में संभागायुक्त सुरेश कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने मध्य प्रदेश दौरे के दौरान इंदौर, बैतूल, ओंकारेश्वर, जबलपुर और ग्वालियर के साथ श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क का भी भ्रमण करेंगी। तय कार्यक्रम के मुताबिक, वे 21 जून को दोपहर करीब 3 बजे कूनो पहुंचेंगी और वहां रात्रि विश्राम करने के बाद अगले दिन 22 जून को सुबह 10 बजे प्रस्थान करेंगी।


बैठक के बाद कलेक्टर शीला दाहिमा और पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने कूनो नेशनल पार्क का जमीनी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने हेलीपैड स्थल का जायजा लेते हुए पीडब्ल्यूडी के अफसरों को प्रोटोकॉल के तहत बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सुरक्षा चेकिंग पॉइंट्स, स्वास्थ्य सुविधाओं और संचार व्यवस्थाओं को भी परखा गया।

### बाबा रामदेव की 'पतंजलि कंपनी' को बड़ा झटका

# दलिया लैब टेस्ट में फेल, एडीएम कोर्ट ने ठोका जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी। स्वदेशी और शुद्धता के बड़े-बड़े दावों के बीच योगगुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को छतरपुर में एक बड़ा कानूनी झटका लगा है। बाजार में बिकने वाले पतंजलि के पैकेट बंद दलिया का सैंपल लैब टेस्ट में फेल हो गया है।**



छतरपुर के अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं न्याय निर्णायक अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया की अदालत ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड सहित उसकी पूरी सप्लाई चेन को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए सभी अनावेदकों पर कुल 3 लाख 40 हजार रुपए का अर्थदंड (जुर्माना) लगाया है। यह कानूनी कार्रवाई आज से करीब साढ़े तीन साल पहले शुरू हुई एक औचक जांच का नतीजा है। 17 नवंबर 2022 को शाम 4 बजे सागर रोड बगौता तिराहा (छतरपुर) स्थित अपना किराना बाजार से तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने संदेह के आधार पर टाटा टी अगिन और पतंजलि दलिया पैक्ड (500 ग्राम) के नमूने कानूनी प्रक्रिया के तहत जब्त किए थे। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया था। जांच रिपोर्ट में जहां एक तरफ टाटा टी का सैंपल मानक स्तर पर पूरी तरह खरा (पास) पाया गया, वहीं पतंजलि दलिए का सैंपल नियमों के विरुद्ध यानी मिसब्रांडेड' (मिथ्याछाप) घोषित कर दिया गया। भोपाल प्रयोगशाला की विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार, पतंजलि दलिए के पैकेट पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग एवं डिस्प्ले) विनियम 2020 के नियम 5(3) का खुला उल्लंघन किया गया था। कंपनी ने पैकेट के ऊपर अनिवार्य रूप से छापी जाने वाली पोषण संबंधी जानकारी को छिपा लिया था। नियमों के मुताबिक, उपभोक्ताओं को यह जानने का पूरा अधिकार है कि वे जो उत्पाद खरीद रहे हैं, उसमें पोषण की मात्रा क्या है, लेकिन पतंजलि के इस पैकेट पर यह जानकारी गायब थी। सुनवाई के दौरान पतंजलि कंपनी की ओर से यह तर्क देकर बचने की कोशिश की गई कि 6 जनवरी 2023 से गेहूं के टूटे स्वरूप (दलिया) को न्यूट्रिशन लेबलिंग से छूट मिल चुकी है। हालांकि, एडीएम कोर्ट ने कंपनी की इस दलील को सिरे से खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा यह सैंपल 17 नवंबर 2022 को लिया गया था, और उस पिछली तारीख पर यह छूट कानूनी रूप से लागू नहीं थी। नियम का उल्लंघन जिस वक्त हुआ, सजा उसी के आधार पर तय होगी।

# ओंकारेश्वर नहर में तीन युवक डूबे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ओंकारेश्वर, एजेंसी।** कोठी हेलीपैड क्षेत्र स्थित नहर में नहाने के दौरान गुरुवार को तीन मजदूर डूब गए। इस हादसे में तीनों युवकों की मौत हो गई है। ये तीनों मजदूर ओंकारेश्वर-मोरटक्का निर्माणाधीन सड़क परियोजना में कार्यरत थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, निर्माण कंपनी में डंपर चालक रामचरण (53), निवासी खेरदा, खरगोन ने मांधाता थाने में सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनके साथी कर्मचारी सुनील साहू, भगवानदास साहू और अनिकेत यादव 10 जून की शाम को कोठी नहर में स्नान करने गए थे। अगले दिन जब तीनों श्रमिक कैंप में नहीं लौटे, तो सहकर्मियों ने उनकी तलाश शुरू की। नहर किनारे पहुंचने पर तीनों के कपड़े और अन्य सामान मिले, जिससे उनके डूबने की आशंका जताई गई।

# गहरी खाई में गिरे दो युवकों की मौत

**रीवा, एजेंसी।** जिले के प्रसिद्ध क्योंटी फॉल में गुरुवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। बाइक सवार दो युवक लगभग 200 फीट गहरी खाई में गिर गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान आयुष गौतम पिता अनिल गौतम उम्र 19 निवासी शिगटी और संतोष पटेल पिता रामा पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी छत्तरगढ़ थाना नईगढ़ी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस, डीआरसी और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची तथा संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान शुरू किया था।

**नहर में बहे 3 दोस्त- टीकमगढ़, एजेंसी।** तालाब में डूबने से 3 बच्चों की जान चली गई. मृत बच्चों की पहचान प्रिंस अहिरवार (12), दीपेश अहिरवार (13) और राज अहिरवार (13) के रूप में हुई है। वहीं, ओंकारेश्वर में मृतकों की पहचान सीधी निवासी सुनील साहू (20), गोपालगंज (बिहार) निवासी अनिकेत यादव (25) और भगवानदास साहू (20) के रूप में हुई है। नहाते समय तीनों बच्चे तालाब के गहरे हिस्से में पहुंच गए। किनारों पर पानी कम था, लेकिन मिट्टी की खुदाई से 10 से 12 फीट गहरे गड्ढे बन गए थे। आशंका है कि वे इन्हीं गड्ढों में चले गए और डूब गए।

# संपादकीय

## अमेरिकी हमले में भारतीयों की मौत पर वैश्विक मीडिया मौन क्यों?

पश्चिम एशिया में भारतीय नाविकों की मौत से जुड़े मामलों में दुनिया के देशों की चुप्पी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ डॉ. ब्रह्मा चेलानी ने अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों और उस पर वैश्विक प्रतिक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट में चेलानी ने कहा कि अगर किसी हवाई हमले में तीन अमेरिकी व्यापारी नाविकों की मौत हुई होती, तो अमेरिका में 24 घंटे चलने वाला राजनीतिक संकट खड़ा हो जाता। लेकिन होर्मुज के पास एक टैंकर पर हुए अमेरिकी हमले में तीन भारतीय क्रू सदस्यों की मौत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपेक्षित ध्यान नहीं मिला। चेलानी ने कहा कि मंगलवार को पलाऊ ध्वज वाले एक टैंकर पर अमेरिकी हवाई हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई थी। उनके अनुसार, इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं आई और मामला विदेश मंत्रालय की ओर से औपचारिक कूटनीतिक विरोध दर्ज कराने तक सीमित रहा। उन्होंने सवाल उठाया कि भारतीय नागरिकों की जान जाने जैसी गंभीर घटनाओं पर वैश्विक समुदाय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया की प्रतिक्रिया काफी कमजोर क्यों रही। डॉ. चेलानी ने अपने पोस्ट में दावा किया कि यह कोई अकेली घटना नहीं थी, बल्कि इसी सप्ताह भारतीय नाविकों को लेकर चल रहे टैंकरों पर हमला होने की यह तीसरी घटना थी। उन्होंने कहा कि सोमवार को ओमान की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट लड़ाकू विमान ने एक अन्य टैंकर पर प्रिसिजन-गाइडेड हथियारों का इस्तेमाल किया था। इस हमले के बाद ओमान के अधिकारियों को जहाज पर सवार सभी 24 भारतीय नाविकों को सुरक्षित निकालना पड़ा। चेलानी के अनुसार, गुरुवार को भी ओमान तट के पास गिनी-बिसाऊ ध्वज वाले एक टैंकर के इंजन रूम को अमेरिकी विमान की ओर से दागी गई दो हेलफायर मिसाइलों से निशाना बनाया गया। हमले के बाद जहाज में भीषण आग लग गई।

# महिला जगत

**7 दिनों का ग्लोइंग स्किन चैलेंज**


## एक्सपर्ट बोलीं इस तरह लगा लें मसूर की दाल, निखर जाएगा चेहरा!

ग्लोइंग और बेदाग स्किन हर किसी को चाहिए, लेकिन महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करने के बाद भी कई बार रिजल्ट नहीं मिलते। ऐसे में आपको आयुर्वेदिक घरेलू नुस्खे एक बार जरूर ट्राई कर के देखने चाहिए। ये नुस्खे सिर्फ सस्ते ही नहीं होते, बल्कि काफी इफेक्टिव भी होते हैं। ऐसी ही एक पॉपुलर रेमेडी है मसूर दाल फेस पैक। चेहरे के लिए मसूर दाल कितनी फायदेमंद है, ये शायद बताने की भी जरूरत नहीं। हालांकि इसे लोग इस्तेमाल तो करते हैं, लेकिन तरीका सही ना होने की वजह से वो ग्लो चेहरे पर नहीं आ पाता। आयुर्वेदिक कंसल्टेंट इनाया गंभीर ने इसी से जुड़ा एक 7 डे चैलेंज शेयर किया है। अगर आपको भी ब्राइट, ब्यूटीफुल और ग्लोइंग स्किन चाहिए तो मसूर दाल को एक बार इस तरह इस्तेमाल कर के जरूर ट्राई करें।

### ● 7 दिनों में ग्लोइंग स्किन के लिए ऐसे इस्तेमाल करें मसूर दाल

अगर आपकी स्किन टैनिंग, धूल मिट्टी या पॉल्यूशन की वजह से डल पड़ गई है, तो महंगे स्किनकेयर प्रोडक्ट्स की जगह एक बार मसूर दाल को इस तरह से इस्तेमाल कर के देखें। सिर्फ 7 दिनों में ही आपको काफी अच्छे रिजल्ट देखने को मिलेंगे। आपकी स्किन का टेक्चर बेहतर होगा और चेहरा ज्यादा ग्लोइंग और ब्राइट नजर आएगा।





आइए स्टेप बाय स्टेप जानते हैं मसूर दाल को यूज कैसे करना है।

**स्टेप 1: दाल को भून लें**

सबसे पहले आपको दो चम्मच लाल वाली मसूर की दाल लेनी है और उसे देसी घी में भून लेना है। एक कढ़ाही में इसे अच्छी तरह हल्का सुनहरा होने तक भून लें। ध्यान रहे आपको दाल को जलाना नहीं है।

**स्टेप 2: दाल को ठंडा होने दें**

एक बार देसी घी में दाल को सुनहरा होने तक भून लें, तो फिर उसे ठंडा होने के लिए रख दें। दाल जब ठंडी हो जाएगी, तभी उसे इस्तेमाल में लाएं।

**स्टेप 3: कच्चे दूध में मिक्स करें**

अब घी में भुनी हुई मसूर की दाल को कच्चे दूध में मिक्स करें। कच्चा दूध स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें लैक्टिक एसिड मौजूद होता है, जो डेड स्किन को रिमूव करने में मदद करता है। इसके नियमित इस्तेमाल से स्किन ज्यादा फ्रेश, हाइड्रेटेड और सॉफ्ट नजर आती है।

**स्टेप 4: एक स्मूद सा पेस्ट तैयार करें**

अब कच्चे दूध के साथ दाल को मिक्सर में पीस लें और एक स्मूद सा पेस्ट तैयार कर लें। आपकी मसूर दाल फेस पैक बनकर तैयार है।

### ● कब और कैसे इस्तेमाल करें ये फेसपैक?

इनाया गंभीर बताती हैं कि ये फेसपैक आपको रोजाना सोने से पहले इस्तेमाल करनी है। इसके लिए पहले अपने फेस को अच्छी तरह क्लीन कर लें, फिर इसे पूरा चेहरे पर अप्लाई कर लें। इस फेसपैक को लगभग 15 मिनट के लिए चेहरे पर यूं ही लगा रहने दें, फिर हल्के हाथों से मसाज करते हुए अपना चेहरा धो लें।

**7 दिनों में क्या क्या फायदे दिखेंगे?**

एक्सपर्ट बताती हैं कि ये फेसपैक अगर आप 7 दिनों तक लगातार इस्तेमाल करते हैं, तो आपका चेहरा कमल के फूल की तरह सॉफ्ट हो जाएगा। इतना ही नहीं वो पहले से काफी ब्राइट और ग्लोइंग हो जाएगा। आपकी स्किन का टेक्चर भी इंप्रूव होने लगेगा। ओपन पोर्स या दाग-धब्बों की समस्या है, तो वो भी हल्की होना शुरू हो जाएगी।

**मेंहदी लगा रहीं तो ये 2 चीजें जरूर मिलाएं!**

## लंबे-घने होंगे बाल, नेचुरल बरगंडी टिंट भी मिलेगा

**बालों को नेचुरली कलर करने के लिए हीना का इस्तेमाल काफी पुराने टाइम से किया जा रहा है। ये सबसे सेफ और इफेक्टिव तरीका माना जाता है। आज भी कई लोग केमिकल वाली डाई की जगह बालों को कलर करने के लिए हीना का इस्तेमाल करते हैं। मेंहदी की खासियत ये है कि कलर के अलावा ये बालों को गहराई से पोषण देने का भी काम करती है। अगर आपके बालों की नेचुरल चमक खो गई है, खूब हेयरफॉल हो रहा है या ग्रोथ एकदम से रुक गई है; तो आपको अपने हेयर केयर रूटीन में हीना को जरूर शामिल करना चाहिए। इसका पेस्ट बनाते हुए कुछ खास इंग्रेडिएंट्स मिला देंगी तो एक परफेक्ट हेयर ग्रोथ मास्क तैयार हो जाएगा। इससे बालों को एक नेचुरल रेडिश टिंट भी मिलेगा। आइए जानते हैं इसमें क्या-क्या मिक्स करना है-**





### ● हेयर ग्रोथ के लिए मेंहदी में मिक्स करें मेथी दाना

अगर आपके बाल बहुत झड़ रहे हैं या उनकी ग्रोथ रुक गई है, तो मेंहदी के पेस्ट में मेथी दाना जरूर मिक्स करें। मेथी दाना में ऐसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो बालों को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं। मेथी स्कैल्प को पोषण देने, रूखेपन को कम करने और बालों के टूटने की समस्या में सहायक मानी जाती है। इसे आप रातभर के लिए भिगोकर रख सकते हैं, ताकि ये फूल जाए फिर इसे मेंहदी का पेस्ट बनाने में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### ● रेड टिंट के लिए मिक्स करें चुकंदर का रस

बिना केमिकल के अगर आप बालों को रेडिश या बरगंडी टिंट देना चाहती हैं, तो चुकंदर के रस का इस्तेमाल कर सकती हैं। हीना के साथ चुकंदर का रस मिलाने से मास्क का रंग और भी गहरा आता है, साथ ही बिना किसी केमिकल के बालों को नेचुरली रेड शेड मिलती है। इसके अलावा चुकंदर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और पोषक तत्व बालों को हेल्दी बनाने में भी मदद करते हैं।

### ● इन दोनों को मिलाकर इस तरह बनाएं मेंहदी का पेस्ट

जिस भी दिन आप मेंहदी का पेस्ट बनाने वाली हैं, उससे एक रात पहले मेथी दाना को पानी में भिगोकर रख दें। अगले दिन इसे मिक्सर में पीसकर एक फाइन सा पेस्ट तैयार कर लें। फिर एक छलनी की मदद से इसे छान लें, ताकि इसमें मौजूद बड़े पार्टिकल अलग हो जाएं और सिर्फ स्मूद सा पेस्ट ही बचे। अब एक चुकंदर को कद्दूकस कर के उसका रस निकाल लें और इस रस को मेथी वाले पेस्ट में मिक्स करें। इसके बाद थोड़ा-थोड़ा मेंहदी पाउडर डालकर घोल तैयार कर लें। इसे कम से कम एक घंटा ऐसे ही ढककर छोड़ दें, फिर ही बालों में अप्लाई करें।

### ● कितनी देर लगाकर रखना है ये हेयर मास्क

इस हेयर मास्क को हमेशा साफ बालों में अप्लाई करें। ध्यान रहे आपके बालों में तेल या कोई सिरम वगैरह नहीं लगा हुआ होना चाहिए। इसे बालों की जड़ों से ले कर लेंथ में अप्लाई करें, फिर एक घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। एक घंटे बाद इसे साफ पानी से वॉश कर लें। शैंपू का इस्तेमाल अगले दिन करें। अगर मेंहदी लगाकर आपके बाल ड्राई होने लगते हैं, तो आप बाल धोने के बाद सरसों के तेल की मालिश भी कर सकती हैं।

New Delhi

# सरकार का बड़ा फैसला: औद्योगिक-व्यावसायिक संस्थानों को पेट्रोल पंपों से नहीं मिलेगा तेल, 90 दिनों के लिए लगी रोक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब औद्योगिक और व्यावसायिक संस्थान पेट्रोल पंपों से पेट्रोल-डीजल नहीं खरीद सकेंगे। उन्हें अपनी जरूरत का तेल थोक बिक्री केंद्रों से ही लेना होगा। यह पाबंदी 90 दिनों तक लागू रहेगी। सरकार ने यह कदम तेल की बढ़ती मांग को देखते हुए उठाया है।

दरअसल, पेट्रोल पंप और थोक बाजार की कीमतों में बड़ा अंतर आ गया है। दिल्ली में पेट्रोल पंप पर डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं थोक ग्राहकों के लिए इसकी कीमत 134.50 रुपये है। इस भारी अंतर की वजह से बड़े ग्राहक पेट्रोल पंपों से तेल खरीदने



लगे थे। इससे देश के कुछ हिस्सों में डीजल की मांग असामान्य रूप से बढ़ गई थी।

सरकारी तेल कंपनियों ने आम लोगों को महंगाई से बचाने के लिए पेट्रोल पंपों पर दाम स्थिर रखे हैं। पश्चिम एशिया के संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा हुआ है। टेलीकॉम टावर और बिजली बनाने वाली कंपनियों जैसे थोक ग्राहकों को बाजार की पूरी कीमत चुकानी पड़ती है। इसी वजह से वे सस्ता तेल लेने के लिए पेट्रोल पंपों का रुख कर रहे थे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 11 जून को नया आदेश जारी किया। इस आदेश का नाम 'मोटर स्पिरिट और हाई स्पीड डीजल (रिटेल आउटलेट के माध्यम से आपूर्ति का अस्थायी विनियमन) आदेश, 2026' है।

Bihar

## बेगूसराय में दर्दनाक सड़क हादसा, ट्रक से टकराई कार... तीन थाना प्रभारी समेत 4 लोगों की मौत



**बेगूसराय, (एजेंसी)** बिहार के बेगूसराय में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पुलिस महकमे को झकझोर कर रख दिया. साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के बखड्डा स्थित एनएच-31 पर देर रात तेज रफ्तार कार और ट्रक की टक्कर में तीन थाना प्रभारियों समेत चार लोगों की मौत हो गई. घटना के बाद पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई.

मृतकों की पहचान रतवारा थाना प्रभारी साजन पासवान, बेलारी थाना प्रभारी नीरज कुमार, आरर थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र अमरेंद्र और निजी चालक ज्योतिष कुमार के रूप में हुई है.

सभी पुलिस अधिकारी पटना में आयोजित एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने के बाद गुरुवार देर रात कार से मधेपुरा लौट रहे थे. इसी दौरान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के बखड्डा के पास कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए.

हादसे में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र अमरेंद्र, थाना प्रभारी नीरज कुमार और चालक ज्योतिष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल थाना प्रभारी साजन पासवान को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तत्काल बेगूसराय सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही बेगूसराय के एसपी मनीष कुमार, सदर डीएसपी आनंद पांडेय समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया.

New Delhi

## दिल्ली के तुगलकाबाद में दर्दनाक हादसा, एक इमारत में लगी भीषण आग, 3 की मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग (DFS) के अधिकारियों के अनुसार दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में स्थित एक इमारत में शुक्रवार को तड़के सुबह अचानक भीषण आग लग जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई है.**

दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर मुस्तैदी दिखाते हुए राहत और बचाव कार्य शुरू करके अब तक पांच लोगों को मलबे और लपटों के बीच से सुरक्षित बाहर निकाल लिया है. सूचना मिलते ही दिल्ली फायर सर्विस का स्टाफ मौके पर पहुंच गया और तत्परता दिखाते हुए राहत और बचाव का काम शुरू कर दिया. स्थानीय पुलिस के मुताबिक शुक्रवार तड़के बिल्डिंग में आग लगी थी. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी इमारत धुएं के गुबार से घिर गई. हादसे के वक्त लोग सो रहे थे, जिससे उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला. हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है.

New Delhi

## अगले 10 घंटे में 15 राज्यों में भारी बारिश-तूफान की चेतावनी, 90 की स्पीड से हवा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) आज का मौसम 12 जून 2026: देश में मौसम एक बार फिर से बिगड़ने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 10 घंटे में यूपी, बिहार, दिल्ली सहित 15 राज्यों में बारिश-आंधी की चेतावनी जारी कर दी गई है। लोगों को इस दौरान बेहद सतर्क रहने की जरूरत है। हवा की रफ्तार 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक जाने वाली है। किसानों और मछुआरों को सावधान रहने के लिए कहा गया है। 5 राज्यों में ओले पड़ने की भी चेतावनी है।वहीं पहाड़ी राज्यों में घूमने का प्लान कर रहे हैं तो पहले मौसम अपडेट पढ़ लीजिए फिर कहीं बाहर निकलिए।**

घने जंगल वाले इलाकों से बचकर चलें क्योंकि आंधी के चलते बड़े-बड़े वृक्ष जड़ से उखड़ सकते हैं। दक्षिणी पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, झारखंड और गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल में चक्रवाती परिसंचरण का निर्माण हो रहा है। तो चलिए आपलोगों को बताते हैं कि आज यानी 12 जून को मौसम का हाल कैसा रहेगा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक देश के 15 राज्यों यूपी, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और असम में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 85 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। पूर्वी राज्यों में वज्रपात और बिजली से नुकसान की आशंका है।

खेल

# बारिश बनी विलेन, अफगानिस्तान ने भारत को चार रनों से हराया, डीएलएस के माध्यम से निकला नतीजा

**दांबुला, (एजेंसी)** भारत ए और अफगानिस्तान ए के बीच खेले गए त्रिकोणीय सीरीज के मुकाबले में बारिश ने बड़ा खेल कर दिया। गुरुवार को दांबुला के रणगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने डीएलएस के माध्यम से चार रनों से जीत दर्ज की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 49 ओवरों में नौ विकेट पर 349 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान ए को संसोधित लक्ष्य के अनुसार 38 ओवरों में 294 रन बनाने थे। हालांकि, 25.5 ओवर का खेल हो पाया था कि बारिश ने फिर दस्तक दी। वहीं, अफगानिस्तान डीएलएस के आधार से तीन रन आगे चल रही थी, जिसके बाद उसे विजेता घोषित कर दिया गया।

संसोधित लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान ए की शुरुआत अच्छी हुई। कप्तान इमरान और हसन ईसाखिल के



बीच पहले विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी हुई, जिसे अरशद खान ने तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए खालिद तानिवल को अनुकूल रॉय ने पवेलियन भेजा। वह सिर्फ दो रन बना सके। तीसरे विकेट के लिए इमरान को बाहिर शाह का साथ मिला। दोनों के बीच 108 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। बारिश के कारण 25.5 ओवर का खेल हो सका और अफगानिस्तान ने दो विकेट पर 177 रन बनाए।

बारिश के कारण मैच रोकना पड़ा था, लेकिन कुछ देर बाद मुकाबला दोबारा शुरू हो गया है। बारिश के कारण ओवर में कटौती हुई और अब मैच 49-49 ओवर कराने का फैसला किया गया। लेकिन भारत ए की पारी के खत्म होने के बाद बारिश ने मैच में भी खलल डाला जिसके बाद ओवर में दोबारा कटौती की गई।

अफगानिस्तान ए ने इस मैच में टॉस जीतकर भारत ए को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत ए को वैभव और प्रभसिमरन ने दमदार शुरुआत दिलाई। वैभव श्रीलंका ए के खिलाफ पिछले मैच में नहीं चले थे, लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ उनका बल्ला जमकर गरजा। वैभव इस मैच में आईपीएल वाली फॉर्म में ही नजर आ रहे थे। लेकिन अब्दुल्लाह अहमदजई ने विकेट के पीछे वैभव को कैच कराकर उनकी पारी का अंत कर दिया। वैभव 22 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। वैभव और प्रभसिमरन के बीच पहले विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। इसके बाद अहमदजई ने प्रियांश आर्या को भी अपना शिकार बनाया जो नौ गेंदों पर एक छक्के की मदद से आठ रन बनाकर आउट हुए।

दो झटके लगने के बाद ऋतुराज और प्रभसिमरन ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 79 रनों की साझेदारी की जिससे टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंच गया। प्रभसिमरन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और शतक लगाने के करीब थे, लेकिन इमरान मीर ने उन्हें विकेट के पीछे कैच कराकर आउट किया।

सिनेमा

## सलमान खान के पड़ोसी को HC से फटकार- सोशल मीडिया किसी को बदनाम करने का लाइसेंस नहीं, पोस्ट डिलीट करें




बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के पड़ोसी केतन कक्कड़ को बॉम्बे हाई कोर्ट ने पनवेल स्थित उनके फार्महाउस से जुड़े प्रॉपर्टी को लेकर विवाद मामले में सोशल मीडिया पर किए गए उनके पोस्ट और वीडियो को हटाने पर विचार करने को कहा है। यह विवाद पनवेल स्थित पड़ोसी संपत्तियों से जुड़ा है, जहां सलमान खान का एक फार्महाउस है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि सोशल मीडिया तक पहुंच होने का यह मतलब नहीं है कि कोई व्यक्ति किसी के भी खिलाफ, यहां तक कि मशहूर हस्तियों के खिलाफ भी, मानहानिकारक सामग्री पोस्ट कर सकता है। कोर्ट ने यह कॉमेंट करने के साथ ही सलमान खान के पनवेल स्थित फार्महाउस के एक पड़ोसी को एक्टर के खिलाफ अपने पोस्ट हटाने पर विचार करने के लिए कहा। जवाब में, खान ने मानहानि का मुकदमा दायर किया, जिसमें उन्होंने कहा कि कक्कड़ के बयान मानहानिकारक थे। एक्टर की तरफ से ये भी कहा गया है कि कक्कड़ के सोशल मीडिया पोस्ट में ऐसी सामग्री थी जो कथित तौर पर सांप्रदायिक भावनाओं को भड़का सकती थी। जस्टिस शर्मिला देशमुख की एकल पीठ खान की अपील पर सुनवाई कर रही थीं, जिसमें उन्होंने सिविल अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें पहले मानहानि के मामले में उन्हें अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया गया था।

## Highlights

1. Abhishek Banerjee loses cool during 6 hrs of CID questioning in signature forgery case: Report
2. Use class 12 marks for MBBS admissions: TN CM Vijay at NITI Aayog meet
3. Europe sells weapons used to attack India, we never endangered Europe: S Jaishankar in Finland
4. ₹547 cr medical hub to replace burnt buildings at Air India crash site
5. Will remove AFSPA from most Northeast states in 2027: Amit Shah
6. Letter signed by rebel TMC MPs surfaces; Yusuf Pathan, Saayoni Ghosh among signatories
7. India restricts bulk sale of petrol & diesel at retail outlets for 90 days

# Wired Wisdom: 6G milestone, your Apple devices, and playing F1 25: 2026 Season Pack




**NEW DElHI, (Agency).** A 6G milestone has been achieved in Japan, with researchers from the Tokushima University finding a way to transmit data at a speed of 112 gigabits per second, or Gbps. This breakthrough is built on a newly developed terahertz wireless communication system driven by micro-combs—special photonic devices fitted onto microchips that generate optical frequencies for wireless networks. Achieving such speeds, at a frequency above 420GHz for the first time to be specific, indicates a way to negate limitations that often plague signal power and noise at higher frequencies—and that means slower data transmission rates.

6G is being pieced together in many countries, including the US and Japan, with conversations in India as well. While 5G is generationally much faster than 4G, with the likes of Reliance Jio's AirFiber Max offering theoretical speeds of up to 1Gbps on their standalone 5G networks, scientists believe 6G can breach the 1Tbps or terabits per second speed mark. Commercial networks are expected to start coming to life sometime post 2030.

EDITOR'S MARGIN

APPLE'S PLAYING ITS CARDS, ABSOLUTELY RIGHT

While you can easily scoff and say it was long overdue, I'll raise you a simple question—if this is so simple, why has no AI company so far, including Google, delivered such a contextually relevant integration of AI in any device thus far? During a technical deep dive with Craig Federighi, Apple's senior vice president of Software Engineering, he was asked a question—we didn't hear much about agents (Federighi quipped that agents was in all-caps). Apple execs, and I love this, don't hold back the witty responses when the situation so warrants it. Federighi's response, "you guys obviously watched I/O. This is WWDC", sending everyone in attendance in splits. While Apple execs went on to explain how agents fit into Apple's AI vision, there is one clear theme from this WWDC—all the announcements are tailored to make tech work better for the humans who use the iPhone, iPad, Mac and so on. Here's what stood out for me.

This is Tim Cook's last keynote as CEO, before he hands over the reigns of Apple Inc. to John Ternus. The tech giant has underlined a refreshed artificial intelligence (AI) strategy for the long term, perhaps a fitting bookend for Cook's era at Apple. It sets them up for the AI game in particular.

Focus areas are platform improvements, trust and safety, and what Craig Federighi, Apple's senior vice president of Software Engineering, calls a big leap forward for Siri. Apple insists parts of all operating systems have been reworked to improve responsiveness, which means iPhone and iPad apps can now launch up to 30% faster. That's just one example.

Apple's refreshed artificial intelligence (AI) strategy finds the tech giant competing a jigsaw that was awaiting that moment for a while now. The new Apple Intelligence suite, of which the new Siri AI is a big part, requires deeper understanding.

Apple has not wavered from its long-standing data privacy and security promise, despite the Google Gemini model infusion into the picture. One of the biggest questions emerging from the post keynote assimilation was this—quite how does the architecture shape up, particularly with Google's Gemini models?

Apple's AI structure is built atop the company's own Apple Foundation models. This is the third generation for these models, with the first generation from 2024 and the second generation arriving last year. There are two on-device models—the AFM 3 Core which has a 3-billion parameters dense model, as well as the AFM 3 Core Advanced which is a 20-billion parameter natively multimodal model that uses a sparse architecture to activate anywhere between 1-4 billion parameters at a time depending on type of request.

राजा हत्याकांड, विपिन बोले-

# नेपाल तो नहीं भाग गई सोनम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में मामले में जमानत पर बाहर चल रही आरोपी व राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी के अदालती सुनवाइयों में शामिल न होने पर राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने सवाल खड़े किए हैं।

विपिन रघुवंशी का कहना है कि सोनम कहां है ये किसी को नहीं पता, उन्हें ये जानकारी मिली है कि सोनम कोर्ट में सुनवाई में भी नहीं आ रही है। कहीं ऐसा तो नहीं कि वह नेपाल भाग गई है। उन्होंने फिर सोनम से परिवार की जान को खतरा बताया है। उन्होंने इस पूरे मामले की नए सिरे से सीबीआई जांच कराने की मांग की है। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने कहा कि सोनम रघुवंशी को जमानत मिली थी तब कहा गया था कि सोनम को कोर्ट में हाजरी देना पड़ेगी। कोर्ट में बुलाया जाएगा तो उसे आना पड़ेगा। मेरी देखी-सुनी दोनों चीजें है कि किसी आरोपी को जमानत दी जाती है जब उसकी तारीख लगती है तो उसे कोर्ट में आना पड़ता है। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद उसकी जमानत खारिज करने के लिए हाईकोर्ट में लगाया गया है। इसके बाद भी 10 से 11 बार तारीख मिल चुकी है। विपिन ने सवाल उठाया है कि सोनम के वकील तारीख पर तारीख क्यों बढ़ा रहे हैं। सोनम जब तक बाहर है, हमारे परिवार को खतरा है।

# ब्रिज पर बेकाबू टैंकर ने पांच वाहनों को मारी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। व्यस्त पटेल ब्रिज पर गुरुवार दोपहर पानी बांट रहे नगर निगम का टैंकर बेकाबू हो गया और उसने तीन कार और दो बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद भी टैंकर नहीं रुका और वह ब्रिज के फुटपाथ पर चढ़ते हुए रेलिंग से जा टकराया।**





हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। जिन गाड़ियों को टैंकर ने अपना शिकार बनाया वह ब्रिज के किनारे पर खड़ी थी। जिस हिस्से में यह हादसा हुआ वह ब्रिज के ढलान वाला क्षेत्र है।संभवतः गाड़ी का ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हो सकता है। टक्कर के बाद चालक टैंकर की चाबी लेकर भाग गया। इस कारण जवाहर मार्ग पर यातायात भी बाधित हुआ। मौके पर पुलिसकर्मियों ने जाकर ट्रैफिक खुलवाया और ट्रक को वहां से हटवाया। टैंकर चालक के पकड़े जाने के बाद ही पता चल पाएगा कि टक्कर की असली वजह क्या थी। इंदौर के व्यस्त मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है लेकिन जल संकट के कारण पानी बांट रहे निगम के टैंकर को छूट है। शहर में नगर निगम द्वारा किराए पर लिए गए 500 से ज्यादा टैंकर पानी बांट रहे है। घटना के बाद एक आक्रोशित युवक ने टैंकर के कांच फोड़ दिए। बाद में उसे पुलिसकर्मियों ने समझा कर रवाना किया। पटेल ब्रिज के समीप सियागंज क्षेत्र है, जहां वाहनों के पार्क होने की जगह नहीं है। इस कारण अक्सर ब्रिज पर लोग वाहन पार्क कर देते है। इस कारण अक्सर हादसे का अंदेशा बना रहता है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक